www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20/FI/CC/M–2023–24**

**Booklet Series** **B**

**Candidate's Roll Number**

**Serial No. 20966**

Question Booklet

# PSYCHOLOGY

**Time Allowed : 2 Hours** **Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you along with Question Booklet to mark the answers. **You must write your Name, Roll Number, Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
13. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. The hypothesis testing is used in
   (A) correlational research
   (B) psychological testing
   (C) observational research
   (D) experimental research

2. ______ is the building block of nervous system.
   (A) Blood
   (B) White cell
   (C) Red cell
   (D) Neuron

3. ______ is characterized by the recurrent uncontrollable thoughts and irresistible behaviour.
   (A) OCD
   (B) Stress disorder
   (C) Somatoform disorder
   (D) Schizophrenia

4. Which of the following is ***not*** included in national character?
   (A) Stereotype
   (B) Personality characteristic
   (C) Belief
   (D) Physical feature

5. The process by which one becomes aware of messages through senses is called
   (A) organization
   (B) sensation
   (C) interpretation
   (D) perception

6. Figure-ground perception is
   (A) innate
   (B) learned
   (C) environment effect
   (D) Both (A) and (B)

7. Who believed that religion is a precipitator of social change?
   (A) Karl Marx
   (B) Max Weber
   (C) Auguste Comte
   (D) Emile Durkheim

8. Spontaneous recovery is a part of
   (A) classical conditioning
   (B) instrumental conditioning
   (C) modelling
   (D) vicarious learning

9. Achievement motivation can be measured by
   (A) TAT
   (B) intelligence test
   (C) DAT
   (D) aptitude test

10. Motivated forgetting is related to
    (A) cognitive theory
    (B) behavioural theory
    (C) cross-cultural theory
    (D) psychoanalytic theory

www.prepp.in

1. परिकल्पना परीक्षण प्रयुक्त होता है
   (A) सह-सम्बन्धात्मक अनुसंधान में
   (B) मनोवैज्ञानिक परीक्षण में
   (C) अवलोकनात्मक अनुसंधान में
   (D) प्रायोगिक अनुसंधान में

2. ______ स्नायु प्रणाली का आधारभूत तत्त्व है।
   (A) रक्त
   (B) श्वेत रक्त कोशिका
   (C) लाल रक्त कोशिका
   (D) न्यूरॉन

3. ______ में बारम्बार अनियंत्रित विचार और बाध्यताकारी क्रियाएँ, व्यक्ति करता है।
   (A) ओ० सी० डी०
   (B) प्रतिबल विकृति
   (C) देहरूप विकृति
   (D) मनोविदलता

4. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय चरित्र में सम्मिलित **नहीं** है?
   (A) रूढ़ियुक्ति
   (B) व्यक्तित्व की विशेषता
   (C) विश्वास
   (D) दैहिक विशेषता

5. वह प्रक्रिया, जिसके द्वारा व्यक्ति ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा प्राप्त संदेशों के प्रति जागरूक होता है, को कहते हैं
   (A) संगठन
   (B) संवेदना
   (C) व्याख्या
   (D) प्रत्यक्षीकरण

6. आकृति पृष्ठभूमि प्रत्यक्षीकरण होता है
   (A) जन्मजात
   (B) अर्जित
   (C) परिवेश प्रभाव
   (D) (A) एवं (B) दोनों

7. किसका विश्वास था कि धर्म सामाजिक परिवर्तन का तात्कालिक कारक है?
   (A) कार्ल मार्क्स
   (B) मैक्स वेबर
   (C) ऑगस्ट कॉम्टे
   (D) एमिल दुर्खीम

8. स्वतःप्रत्यावर्तन अंग है
   (A) प्राचीन अनुबंधन का
   (B) नैमित्तिक अनुबंधन का
   (C) मॉडलिंग का
   (D) प्रतिस्थानिक अधिगम का

9. उपलब्धि प्रेरणा का मापन होता है
   (A) टी० ए० टी० से
   (B) बुद्धि परीक्षण से
   (C) डी० ए० टी० से
   (D) अभिक्षमता परीक्षण से

10. अभिप्रेरणात्मक विस्मरण सम्मिलित है
   (A) संज्ञानात्मक सिद्धान्त में
   (B) व्यवहारात्मक सिद्धान्त में
   (C) अंतःसांस्कृतिक सिद्धान्त में
   (D) मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त में

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**11.** Symbolic concepts become more readily available for use in

(A) dream

(B) imagination

(C) learning

(D) thought

**12.** The processes of arousing, sustaining and regulating activity are known as

(A) learning

(B) habit

(C) motivation

(D) maturation

**13.** What is the name of the theory given by Miller?

(A) Motivated forgetting

(B) Frustration-aggression theory

(C) Attribution theory

(D) Incentive theory

**14.** The concept 'Triguna' is based on

(A) Nyaya philosophy

(B) Yoga philosophy

(C) Samkhya philosophy

(D) Advaita philosophy

**15.** Altered state of consciousness is

(A) awareness

(B) motivation

(C) hypnosis

(D) emotion

**16.** Kohs Block Design test is a

(A) general intelligence test

(B) verbal intelligence test

(C) non-verbal intelligence test

(D) performance test of intelligence

**17.** TAT is a/an

(A) intelligence test

(B) personality test

(C) aptitude test

(D) achievement test

**18.** Free association is related with

(A) behaviourism

(B) mesmerism

(C) psychoanalysis

(D) functionalism

**19.** According to Katz, which one of the following is ***not*** considered as a human skill?

(A) Decision-making

(B) Communicating

(C) Resolving conflict

(D) Working as part of team

**20.** For studying interpersonal relations in small groups, which of the following techniques is used?

(A) Biometry

(B) Sociometry

(C) Anthropometry

(D) Geometry

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** प्रतीकात्मक संप्रत्यय प्रयोग के लिए सुलभ होते हैं

(A) स्वप्न में

(B) कल्पना में

(C) सीखने में

(D) चिंतन में

**12.** वह प्रक्रिया, जिसमें कार्यों का प्रारंभ, सातत्य और नियमन होता है, को कहते हैं

(A) अधिगम

(B) आदत

(C) अभिप्रेरणा

(D) परिपक्वता

**13.** मिलर ने कौन-सा सिद्धान्त दिया था?

(A) अभिप्रेरित विस्मरण

(B) कुंठा-आक्रामकता सिद्धान्त

(C) गुणारोपण सिद्धान्त

(D) प्रलोभन का सिद्धान्त

**14.** 'त्रिगुण' का सम्प्रत्यय किस दर्शन पर आधारित है?

(A) न्याय दर्शन

(B) योग दर्शन

(C) सांख्य दर्शन

(D) अद्वैत दर्शन

**15.** चेतना की परिवर्तित अवस्था है

(A) जागरूकता

(B) अभिप्रेरणा

(C) सम्मोहन

(D) संवेग

**16.** कोह का ब्लॉक डिजाइन परीक्षण है

(A) बुद्धि का सामान्य परीक्षण

(B) शाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(C) अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(D) बुद्धि का निष्पादन परीक्षण

**17.** टी० ए० टी० है

(A) बुद्धि परीक्षण

(B) व्यक्तित्व परीक्षण

(C) अभियोग्यता परीक्षण

(D) उपलब्धि परीक्षण

**18.** मुक्त साहचर्य सम्बन्धित है

(A) व्यवहारवाद से

(B) सम्मोहनवाद से

(C) मनोविश्लेषण से

(D) प्रकार्यवाद से

**19.** काट्ज के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा मानवीय कौशल **नहीं** है?

(A) निर्णय लेना

(B) संप्रेषण

(C) अंतर्द्वंद्व निराकरण

(D) टीम के अंश के रूप में कार्य

**20.** लघु समूह में अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों के अध्ययन के लिए प्रयुक्त होने वाली तकनीक है

(A) बायोमेट्री

(B) सोशियोमेट्री

(C) ऐंथ्रोपोमेट्री

(D) जियोमेट्री

www.prepp.in

**21.** Which one of the following is ***not*** a criterion of research design?

(A) Capacity of solving research problem

(B) Control of extraneous variables

(C) Capacity of generalization

(D) Capacity to maintain reliability

**22.** Which part of the brain is more responsible for episodic memory?

(A) Septal area

(B) Amygdala

(C) Hippocampus

(D) Cerebellum

**23.** Which one of the following is ***not*** a rule of figural organization?

(A) Similarity

(B) Contiguity

(C) Continuity

(D) Closure

**24.** Forgetting is caused by

(A) reinforcement

(B) sleep

(C) retroactive inhibition

(D) rehearsal

**25.** Digit span test is an example of

(A) immediate memory

(B) long-term memory

(C) episodic memory

(D) short-term memory

**26.** The curve of forgetting was the result of experiment conducted by

(A) Koffka

(B) Guthrie

(C) Thorndike

(D) Ebbinghaus

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक शोध अभिकल्प की कसौटी **नहीं** है?

(A) शोध समस्या के समाधान की क्षमता

(B) बहिरंग चरों का नियन्त्रण

(C) सामान्यीकरण करने की क्षमता

(D) विश्वसनीयता बनाए रखने की क्षमता

**22.** प्रासंगिक स्मृति के लिए मस्तिष्क का कौन-सा भाग सर्वाधिक उत्तरदायी होता है?

(A) सेप्टल क्षेत्र

(B) एमिग्डाला

(C) हिप्पोकैम्पस

(D) लघु मस्तिष्क

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा आकृतियों के संगठन का नियम **नहीं** है?

(A) समानता

(B) सान्निध्य

(C) निरन्तरता

(D) बन्दी

**24.** विस्मरण का कारण है

(A) पुनर्बलन

(B) निद्रा

(C) पृष्ठोन्मुख अवरोध

(D) पूर्वाभ्यास

**25.** अंक-विस्तार परीक्षण ______ का एक उदाहरण है।

(A) तात्कालिक स्मृति

(B) दीर्घकालिक स्मृति

(C) प्रासंगिक स्मृति

(D) अल्पकालिक स्मृति

**26.** विस्मरण का वक्र, जिस मनोवैज्ञानिक के प्रयोगों का परिणाम था, वह था

(A) कॉफ्का

(B) गुथरी

(C) थॉर्नडाइक

(D) एबिंगहॉस

www.prepp.in

**27.** When new learning interferes with recall of a previous learning, it is termed as

(A) reactive inhibition

(B) retroactive inhibition

(C) proactive inhibition

(D) abreaction

**28.** The first important experiment pertaining to primary effect on impression formation was conducted by

(A) Anderson

(B) Asch

(C) Kelly

(D) Bruner

**29.** Cinema is an example of

(A) real movement

(B) phi phenomenon

(C) induced movement

(D) motion parallax

**30.** EPPS measures

(A) social motives

(B) interest

(C) adjustment

(D) aptitude

**31.** Which is the most important need in the need hierarchy theory of Maslow?

(A) Physiological need

(B) Need for self-actualization

(C) Safety need

(D) Esteem need

**32.** Vector-valence theory of motivation was propounded by

(A) Herzberg

(B) Adams

(C) Lewin

(D) Maslow

**33.** Which one of the following is a positive incentive?

(A) Hunger

(B) Electric shock

(C) Punishment

(D) Failure

**34.** The concept of introversion and extroversion was given by

(A) Freud

(B) Adler

(C) Jung

(D) Allport

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**27.** जब किसी पूर्व अधिगम के प्रत्याह्वान में नए अधिगम द्वारा बाधा उत्पन्न होती है, उसे कहते हैं

(A) प्रतिक्रियात्मक अवरोध

(B) पृष्ठोन्मुख अवरोध

(C) अग्रोन्मुख अवरोध

(D) अपप्रतिक्रिया

**28.** छवि निर्माण पर प्राथमिकता प्रभाव सम्बन्धी प्रथम महत्त्वपूर्ण प्रयोग किया था

(A) ऐंडरसन ने

(B) ऐश ने

(C) केली ने

(D) ब्रूनर ने

**29.** सिनेमा एक उदाहरण है

(A) वास्तविक गति का

(B) फाइ घटना का

(C) उत्पन्न गति का

(D) गति लम्बन का

**30.** ई० पी० पी० एस० मापन करता है

(A) सामाजिक प्रेरकों का

(B) रुचि का

(C) समायोजन का

(D) अभिक्षमता का

**31.** मैस्लो के आवश्यकता पदानुक्रमिक सिद्धान्त में कौन-सी सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता होती है?

(A) दैहिक आवश्यकता

(B) आत्म-सिद्धि की आवश्यकता

(C) सुरक्षा आवश्यकता

(D) सम्मान आवश्यकता

**32.** वेक्टर-कर्षण सिद्धान्त अभिप्रेरणा का प्रतिपादन किया गया था

(A) हर्जबर्ग द्वारा

(B) एडम्स द्वारा

(C) लेविन द्वारा

(D) मैस्लो द्वारा

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक धनात्मक प्रोत्साहन है?

(A) भूख

(B) विद्युत् आघात

(C) दण्ड

(D) असफलता

**34.** अन्तर्मुखता एवं बहिर्मुखता का सम्प्रत्यय किसके द्वारा दिया गया?

(A) फ्रायड द्वारा

(B) एडलर द्वारा

(C) जुंग द्वारा

(D) ऑलपोर्ट द्वारा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** Allport formulated the idea of

(A) functional fixedness

(B) functional autonomy

(C) functional psychoses

(D) functionalism

**36.** Which is the most widely used method of personality assessment that involves questioning techniques to reveal the personality of the client?

(A) Observation method

(B) Objective personality test

(C) Interview

(D) Essay test

**37.** Rorschach and Murray are most closely associated with the development of

(A) early projective test

(B) statistical analysis of testing techniques

(C) first aptitude test

(D) educational achievement test

**38.** As per Freud's theory of personality, match List–I with List–II :

| *List—I* | *List—II* |
|---|---|
| a. Id | 1. I desire |
| b. Ego | 2. Morality |
| c. Superego | 3. Pleasure |
| d. Libido | 4. Reality |

Select the correct answer using the codes given below.

(A) a b c d
3 2 4 1

(B) a b c d
1 4 2 3

(C) a b c d
3 4 2 1

(D) a b c d
1 2 4 3

**39.** The concept of magical number $7 \pm 2$ was proposed by

(A) E. L. Thorndike

(B) J. Brown

(C) B. Z. Underwood

(D) G. A. Miller

**40.** According to Freud, negativism, as manifested by defiance of parental orders, is most pronounced during the stage of

(A) anal

(B) genital

(C) oral

(D) phallic

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** ऑलपोर्ट ने किस विचार का सूत्रपात किया?

(A) प्रकार्यात्मक निश्चितता का

(B) प्रकार्यात्मक स्वायत्तता का

(C) प्रकार्यात्मक मनोविक्षिप्तता का

(D) प्रकार्यवाद का

**36.** सेवार्थी के व्यक्तित्व को व्याख्यायित करने वाले व्यक्तित्व का अनुमान लगाने वाली वृहद् रूप से प्रयुक्त विधि है

(A) अवलोकन विधि

(B) वस्तुनिष्ठ व्यक्तित्व परीक्षण

(C) साक्षात्कार

(D) निबन्ध परीक्षण

**37.** रोर्शाक एवं मरे किस घटक से सम्बन्धित हैं?

(A) आरम्भिक प्रक्षेपी परीक्षण से

(B) परीक्षण तकनीकों के सांख्यिकीय विश्लेषण से

(C) प्रथम अभिक्षमता परीक्षण से

(D) शैक्षणिक उपलब्धि परीक्षण से

**38.** फ्रायड के व्यक्तित्व के सिद्धान्त के अनुसार, सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a. इदम् | 1. मैं इच्छा रखता हूँ |
| b. अहम् | 2. नैतिकता |
| c. परम् अहम् | 3. आनन्द |
| d. लिबिडो | 4. वास्तविकता |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**39.** जादुई संख्या (मैजिक नम्बर) $7 \pm 2$ का प्रस्ताव किसने दिया था?

(A) ई० एल० थॉर्नडाइक

(B) जे० ब्राउन

(C) बी० जेड० अंडरवुड

(D) जी० ए० मिलर

**40.** फ्रायड के अनुसार माता-पिता के आदेश की अवज्ञा जैसे निषेधात्मक व्यवहार किस अवस्था में अत्यधिक प्रकट होते हैं?

(A) गुदावस्था

(B) जननेन्द्रिय

(C) मुखीय

(D) लैंगिक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** According to Albert Bandura, learning by observing the behaviour of others is termed as

(A) stimulus discrimination

(B) classical conditioning

(C) operant conditioning

(D) modelling

**42.** What are the real carriers of heredity?

(A) Gene

(B) Zygote

(C) Spermatozoa

(D) Ovum

**43.** What debate centers around whether people are born with this intelligence or acquire their intelligence during their lives?

(A) Innate vs. Nurture

(B) Nature vs. Nurture

(C) Mature vs. Learned

(D) Innate vs. Learned

**44.** The test which predicts success after training is known as

(A) interest test

(B) achievement test

(C) aptitude test

(D) attitude test

**45.** Aptitude tests are designed to measure

(A) capacity and potential

(B) actual achievement

(C) personality

(D) attitude

**46.** Intelligence tests are belonging to the category of

(A) power test

(B) speed test

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** अलबर्ट बंडूरा के अनुसार अन्य लोगों के व्यवहार को प्रेक्षित करके सीखना कहलाता है

(A) उद्दीपक विभेदीकरण

(B) प्राचीन अनुबन्धन

(C) नैमित्तिक अनुबंधन

(D) प्रतिमान

**42.** आनुवंशिकता के वास्तविक वाहक क्या हैं?

(A) जीन

(B) जाइगोट

(C) वीर्यकण

(D) रजकण

**43.** यह वाद-विवाद कि लोग बुद्धि के साथ पैदा होते हैं या अपने जीवन-अन्तराल में उसे अर्जित करते हैं, किस बात पर केन्द्रित होता है?

(A) जन्मजात बनाम पालन-पोषण

(B) प्राकृतिक बनाम पालन-पोषण

(C) परिपक्व बनाम अर्जित

(D) जन्मजात बनाम अर्जित

**44.** वे परीक्षण, जो प्रशिक्षण के पश्चात् सफलता का पूर्वानुमान करते हैं, जाने जाते हैं

(A) रुचि परीक्षण

(B) उपलब्धि परीक्षण

(C) अभिक्षमता परीक्षण

(D) अभिवृत्ति परीक्षण

**45.** अभिक्षमता परीक्षण मापने के लिए बनाए गए हैं

(A) क्षमता एवं सामर्थ्य

(B) यथार्थ उपलब्धि

(C) व्यक्तित्व

(D) अभिवृत्ति

**46.** बुद्धि परीक्षण किस वर्ग के परीक्षण से सम्बन्ध रखते हैं?

(A) शक्ति परीक्षण

(B) गति परीक्षण

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**47.** In which type of scale, thermometer can be placed?

(A) Nominal scale

(B) Ordinal scale

(C) Interval scale

(D) Ratio scale

**48.** Attitude formation depends upon

(A) belief system

(B) communication

(C) value system

(D) genes and chromosomes

**49.** Attitudes are made of cognitive, affective and ______ components.

(A) perceptual

(B) intentional

(C) behavioural

(D) informational

**50.** Which one of the following is ***not*** a type of anxiety according to Freud?

(A) Realistic anxiety

(B) Social anxiety

(C) Neurotic anxiety

(D) Moral anxiety

**51.** Which one of the following is ***not*** a type of psychosis?

(A) Hysteria

(B) Somnambulism

(C) Hallucination

(D) Split personality

**52.** What is the main symptom of hypochondria?

(A) Loving one's own body sexually

(B) Masochism

(C) Trying to make one's own body handsome

(D) Excessive anxiety about one's own health

**53.** An urge to smoke and the fear of smoking creates a situation of

(A) dissonance

(B) disbelief

(C) anchoring

(D) reactance

**54.** Libido is related to

(A) psychic energy

(B) death instinct

(C) life instinct

(D) anxiety

www.prepp.in

**47.** थर्मामीटर को किस प्रकार की मापनी के अन्तर्गत रखा जा सकता है?

(A) शाब्दिक मापनी

(B) क्रमिक मापनी

(C) अन्तराल मापनी

(D) अनुपात मापनी

**48.** मनोवृत्ति का निर्माण किस पर निर्भर करता है?

(A) विश्वास तंत्र

(B) संचरण

(C) मूल्य तंत्र

(D) जीन एवं गुणसूत्र

**49.** अभिवृत्तियाँ संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं ______ घटकों से बनती हैं।

(A) प्रात्यक्षिक

(B) अभिप्रायात्मक

(C) व्यवहारात्मक

(D) सूचनात्मक

**50.** फ्रायड के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा एक चिन्ता का प्रकार **नहीं** है?

(A) वास्तविक चिन्ता

(B) सामाजिक चिन्ता

(C) तंत्रिकातापी चिन्ता

(D) नैतिक चिन्ता

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा मनस्ताप का एक प्रकार **नहीं** है?

(A) हिस्टीरिया

(B) निद्राविचरण

(C) अवस्तुबोधन

(D) विभक्त व्यक्तित्व

**52.** रोगभ्रम या अतिस्वस्थ चिन्ता का प्रमुख लक्षण क्या है?

(A) अपने शरीर से कामुकतापूर्ण प्रेम

(B) आत्मपीड़न रति

(C) शरीर को सुडौल बनाने का प्रयास करना

(D) अपने स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक चिन्ता

**53.** धूम्रपान की इच्छा एवं धूम्रपान से भय-स्थिति उत्पन्न करती है

(A) विसंगति की

(B) अविश्वास की

(C) स्थिरता की

(D) प्रतिघात की

**54.** लिबिडो का सम्बन्ध ______ से है।

(A) मानसिक उर्जा

(B) मृत्युगत मूल प्रवृत्ति

(C) जीवनगत मूल प्रवृत्ति

(D) चिन्ता

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**55.** Paranoia is mainly characterized by

(A) delusion

(B) hallucination

(C) flight of ideas

(D) disorder of attention and memory

**56.** Which one of the following is ***not*** correctly matched?

(A) Freud—Talking therapy

(B) Adler—Individual psychology

(C) Horney—Basic anxiety

(D) Carl Rogers—Directive therapy

**57.** The first step in personnel selection is

(A) application blank

(B) interview

(C) psychological testing

(D) personality assessment

**58.** The effectiveness of advertisement totally depends upon

(A) advertiser

(B) consumer

(C) both advertiser and consumer

(D) neither advertiser nor consumer

**59.** When we look at a figure for some time and then look at another figure, the perception of the second figure is distorted. This phenomenon is known as

(A) illusion

(B) hallucination

(C) distorted perception

(D) figural aftereffect

**60.** Human development takes place in the form of

(A) discrete change

(B) incongruent change

(C) orderly change

(D) recognizable change

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**55.** संभ्रान्ति की प्रमुख विशेषता है

(A) विभ्रम

(B) निर्मूल भ्रम

(C) विचारों की उड़ान

(D) ध्यान व स्मृति सम्बन्धी विकार

**56.** निम्नलिखित पदों में से कौन-सा एक सही ढंग से सुमेलित **नहीं** हैं?

(A) फ्रायड—बातचीत द्वारा उपचार

(B) एडलर—वैयक्तिक मनोविज्ञान

(C) हॉर्नी—मौलिक दुश्चिन्ता

(D) कार्ल रोजर्स—निर्देशित उपचार पद्धति

**57.** कार्मिक चयन में प्रथम चरण होता है

(A) आवेदन-पत्र

(B) साक्षात्कार

(C) मनोवैज्ञानिक परीक्षण

(D) व्यक्तित्व आकलन

**58.** विज्ञापन की प्रभावशीलता पूर्णरूपेण किस पर निर्भर करती है?

(A) विज्ञापनकर्ता पर

(B) उपभोक्ता पर

(C) विज्ञापनकर्ता एवं उपभोक्ता दोनों पर

(D) न विज्ञापनकर्ता पर न उपभोक्ता पर

**59.** जब हम एक चित्र पर कुछ समय के लिए ध्यान केन्द्रित करते हैं और फिर दूसरे चित्र को देखते हैं, तो दूसरे चित्र का आकार विकृत हो जाता है। इस घटना को जाना जाता है

(A) भ्रम

(B) विभ्रम

(C) विकृत प्रत्यक्षीकरण

(D) आकृति अनुप्रभाव

**60.** मानव विकास जिस रूप में होता है, उसे कहते हैं

(A) अनिरन्तर परिवर्तन

(B) असंगत परिवर्तन

(C) क्रमिक परिवर्तन

(D) प्रत्यभिज्ञ परिवर्तन

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

61. Which one of the following types of intelligence test can be used to assess mental ability of an uneducated person?

(A) Non-verbal
(B) Culture-fair
(C) Performance
(D) Verbal

62. Expectancy theory emphasizes

(A) Effort→Performance→Outcome
(B) Ability→Performance→Outcome
(C) Need→Performance→Outcome
(D) Valence→Performance→Outcome

63. On-the-job training is given to the employees in

(A) natural setting
(B) artificial setting
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) nor (B)

64. What is the distinguishing characteristic of primary group as compared to secondary group?

(A) We-feeling
(B) Identification
(C) Affiliation
(D) Face-to-face relationship

65. Role-playing technique is related to which one of the following techniques?

(A) Content-oriented technique
(B) Mixed technique
(C) Process-oriented technique
(D) Other techniques

66. Which one of the following training methods is found to be more effective for leaders/supervisors?

(A) Lecture method
(B) Discussion method
(C) Case-study method
(D) Role-playing method

67. The higher order needs specified by Maslow is considered as ______ as per Herzberg.

(A) motivators
(B) hygiene factors
(C) improvement factors
(D) advance factors

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा बुद्धि परीक्षण एक अशिक्षित व्यक्ति की मानसिक योग्यता के आकलन हेतु प्रयुक्त हो सकता है?

(A) अवाचिक

(B) संस्कृति की दृष्टि से पूर्वाग्रह मुक्त

(C) निष्पादन

(D) वाचिक

**62.** प्रत्याशा सिद्धान्त बल देता है

(A) प्रयास→निष्पादन→परिणाम

(B) योग्यता→निष्पादन→परिणाम

(C) आवश्यकता→निष्पादन→परिणाम

(D) कर्षण→निष्पादन→परिणाम

**63.** कार्य पर प्रशिक्षण कार्मिकों को ______ में दिया जाता है।

(A) प्राकृतिक विन्यास

(B) कृत्रिम विन्यास

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) न तो (A) और न ही (B)

**64.** द्वितीयक समूह की तुलना में प्राथमिक समूह की विशेषताएँ विभेदनकारी रूप में क्या हैं?

(A) हम-भावना

(B) तादात्म्य

(C) सम्बद्धता

(D) आमने-सामने का सम्बन्ध

**65.** निम्नलिखित तकनीकों में से कौन-सा एक भूमिका निर्वहन तकनीक से सम्बन्धित है?

(A) विषयोन्मुख प्रविधि

(B) मिश्रित प्रविधि

(C) प्रक्रिया-उन्मुख प्रविधि

(D) अन्य प्रविधियाँ

**66.** निम्नलिखित प्रशिक्षण विधियों में से कौन-सी एक विधि नेताओं/पर्यवेक्षकों के लिए अधिक प्रभावी होती है?

(A) व्याख्यान विधि

(B) विवेचन विधि

(C) व्यक्ति अध्ययन विधि

(D) भूमिका-निर्वाह विधि

**67.** मैस्लो द्वारा निर्धारित की गई उच्च स्तर की आवश्यकता को किस रूप में हर्जबर्ग द्वारा माना गया है?

(A) प्रेरक

(B) स्वास्थ्य विज्ञान कारक

(C) प्रोन्नति कारक

(D) अग्रिम कारक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**68.** Select the right sequence of the functions of the General Adaptation Syndrome (GAS).

(A) Alarm, Reaction, Exhaustion

(B) Alarm, Resistance, Reaction

(C) Alarm, Resistance, Exhaustion

(D) Resistance, Exhaustion and Reaction

**69.** Who among the following included three stages of stress namely, alarm, resistance and exhaustion?

(A) Lazarus

(B) Thorndike

(C) Freud

(D) Hans Selye

**70.** When performance improves in the presence of others, this phenomenon is called

(A) social inhibition

(B) social approval

(C) social facilitation

(D) social motivation

**71.** The period of short memory is

(A) 2 minutes

(B) 10 seconds

(C) 30 milliseconds

(D) 30 seconds

**72.** "Measurement refers to the process of assigning numerals to objects, according to certain accepted rules." This statement is of

(A) Herbert

(B) Campbell

(C) Stevens

(D) Guilford

**73.** Which one of the following tests of intelligence ***does not*** require individualized administration?

(A) Raven's progressive matrices

(B) Stanford-Binet test

(C) WAIS-R

(D) WISC-III

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**68.** सामान्य अनुकूलन संलक्षण (जी० ए० एस०) में प्रकार्यों के सही क्रम का चयन कीजिए।

(A) चेतावनी, प्रतिक्रिया एवं परिश्रान्ति

(B) चेतावनी, प्रतिरोध एवं प्रतिक्रिया

(C) चेतावनी, प्रतिरोध एवं परिश्रान्ति

(D) प्रतिरोध, परिश्रान्ति एवं प्रतिक्रिया

**69.** इनमें से किसने प्रतिबल की तीन अवस्थाओं चेतावनी, प्रतिरोध एवं विश्रान्ति को शामिल किया है?

(A) लैजारस

(B) थॉर्नडाइक

(C) फ्रायड

(D) हैंस सैले

**70.** जब निष्पादन दूसरों की उपस्थिति के कारण अच्छा हो जाता है, तब इस घटना को कहा जाता है

(A) सामाजिक अवरोध

(B) सामाजिक अनुमोदन

(C) सामाजिक सुगमता

(D) सामाजिक प्रेरणा

**71.** अल्पकालिक स्मृति की अवधि ______ होती है।

(A) 2 मिनट

(B) 10 सेकंड

(C) 30 मिली सेकंड

(D) 30 सेकंड

**72.** "मापन किन्हीं निश्चित स्वीकृत नियमों के अनुसार वस्तुओं को अंक प्रदान करने की प्रक्रिया है।" यह कथन है

(A) हरबर्ट का

(B) कैम्पबेल का

(C) स्टीवेन्स का

(D) गिलफोर्ड का

**73.** बुद्धि के निम्नलिखित परीक्षणों में से किस एक में व्यक्तिगत प्रशासन की आवश्यकता **नहीं** होती है?

(A) रेवेन का प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज

(B) स्टैनफोर्ड-बिने परीक्षण

(C) डब्ल्यू० ए० आइ० एस०-आर

(D) डब्ल्यू० आइ० एस० सी०-III

www.prepp.in

**74.** Who propounded at first the item of criterion-referenced test?

(A) Thorndike

(B) Cronbach

(C) Glasser

(D) Nitko

**75.** Which one of the following is ***not*** included in the maturation?

(A) Growth

(B) Development

(C) Sequential change

(D) Stage of change

**76.** Which one of the following is ***not*** related to sensitivity training?

(A) D-group training

(B) T-group training

(C) Laboratory training

(D) Observational training

**77.** Job characteristics model was propounded by

(A) Hackman and Oldham

(B) Arnold and Feldman

(C) Davis and Newstorm

(D) Luthans

**78.** How many sets of need are there in ERG theory of work motivation?

(A) 3

(B) 5

(C) 2

(D) 4

**79.** A psychological research starts with

(A) problem

(B) hypothesis

(C) variables

(D) literature

**80.** Which one of the following is more sensitive measure of memory?

(A) Recall

(B) Recognition

(C) Relearning

(D) Retention

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**74.** कसौटी सन्दर्भित परीक्षण जैसे पद का प्रतिपादन सर्वप्रथम किसने किया था?

(A) थॉर्नडाइक ने

(B) क्रॉनबैक ने

(C) ग्लेजर ने

(D) निटको ने

**75.** परिपक्वता में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सम्मिलित **नहीं** होता है?

(A) वृद्धि

(B) विकास

(C) क्रमिक परिवर्तन

(D) अवस्था-सम्बन्धी परिवर्तन

**76.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुग्राहिता प्रशिक्षण से सम्बन्धित **नहीं** है?

(A) डी०-समूह प्रशिक्षण

(B) टी०-समूह प्रशिक्षण

(C) प्रयोगशाला प्रशिक्षण

(D) पर्यवेक्षणीय प्रशिक्षण

**77.** कार्य-विशेषता प्रतिरूप का प्रतिपादन किया गया था

(A) हैकमैन एवं ओल्डहाम द्वारा

(B) ऑर्नोल्ड एवं फेल्डमैन द्वारा

(C) डेविस एवं न्यूस्टॉर्म द्वारा

(D) लुथान्स द्वारा

**78.** कार्यप्रेरणा के ई० आर० जी० सिद्धान्त में कितनी आवश्यकताएँ सेट होती हैं?

(A) 3

(B) 5

(C) 2

(D) 4

**79.** एक मनोवैज्ञानिक शोध ______ से आरम्भ होता है।

(A) समस्या

(B) परिकल्पना

(C) चरों

(D) साहित्य

**80.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्मृति का संवेदनशील मापक है?

(A) प्रत्याह्वान

(B) प्रत्यभिज्ञा

(C) पुनरधिगम

(D) धारण

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** The failure to recall the past experiences or learned material in the present consciousness is known as

(A) remembering

(B) retroactive inhibition

(C) proactive inhibition

(D) forgetting

**82.** One complete homogeneous visual field is called

(A) Ganzheit

(B) Ganzstruktur

(C) Ganzlich

(D) Ganzfeld

**83.** A need to succeed and to strive for standards of excellence is the need for

(A) power

(B) affiliation

(C) approval

(D) achievement

**84.** The Sixteen-Personality Factor Questionnaire was developed by

(A) Thurstone

(B) Cattell

(C) Gough

(D) Murray

**85.** TAT is an ambiguous stimuli designed to reveal the contents of the client's unconscious mind categorized as

(A) objective test

(B) subjective test

(C) psychometric test

(D) projective test

**86.** Match List–I with List–II :

| *List—I (Theorists)* | *List—II (Theory)* |
|---|---|
| a. Kurt Lewin | 1. Trait theory |
| b. Gordon Allport | 2. Field theory |
| c. Erik Erikson | 3. Theory of individual psychology |
| d. Alfred Adler | 4. Psychosocial theory |

Select the correct answer using the codes given below.

(A) a b c d
2 1 4 3

(B) a b c d
1 3 2 4

(C) a b c d
4 2 3 1

(D) a b c d
3 2 4 1

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** पूर्व अनुभव या सीखे गए विषय को वर्तमान चेतना में लाने की विफलता को ______ जाना जाता है।

(A) स्मरण

(B) पृष्ठोन्मुख अवरोध

(C) अग्रोन्मुख अवरोध

(D) विस्मरण

**82.** एक पूर्णतः समरूपी दृष्टिक्षेत्र को ______ कहा जाता है।

(A) गैंजहिट

(B) गेंजस्टक्टर

(C) गैंजलिक

(D) गैंजफिल्ड

**83.** सफल होने की आवश्यकता एवं श्रेष्ठता के मानकों को प्राप्त करने का प्रयत्न करना, आवश्यकता है

(A) शक्ति की

(B) सम्बन्ध की

(C) अनुमोदन की

(D) उपलब्धि की

**84.** सोलहकारक व्यक्तित्व प्रश्नावली का प्रतिपादन किया गया

(A) थर्स्टन द्वारा

(B) कैटेल द्वारा

(C) गफ द्वारा

(D) मरे द्वारा

**85.** टी० ए० टी० एक संदिग्ध उद्दीपक है, जिसमें सेवार्थी के अचेतन मन को जाना जाता है, जिसे ______ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(A) वस्तुनिष्ठ परीक्षण

(B) व्यक्तिनिष्ठ परीक्षण

(C) मनोमितीय परीक्षण

(D) प्रक्षेपी परीक्षण

**86.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची–I** (सिद्धान्तवेत्ता) | **सूची–II** (सिद्धान्त) |
|---|---|
| a. कर्ट लेविन | 1. गुण सिद्धान्त |
| b. गॉर्डन ऑलपोर्ट | 2. क्षेत्र सिद्धान्त |
| c. एरिक एरिक्सन | 3. व्यक्ति मनोविज्ञान सिद्धान्त |
| d. अल्फ्रेड एडलर | 4. मनो-सामाजिक सिद्धान्त |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** Social learning theory was propounded by

(A) B. F. Skinner

(B) Ivan Pavlov

(C) Edward Thorndike

(D) Albert Bandura

**88.** Every time he hears the name of his favourite restaurant, he begins to salivate. In Pavlovian terms, the restaurant name is serving as

(A) a conditioned stimulus

(B) a conditioned response

(C) an unconditioned stimulus

(D) an unconditioned response

**89.** Which one of the following is ***not*** a biogenic motive?

(A) Hunger

(B) Thirst

(C) Sex

(D) Achievement motive

**90.** Who propounded the concept of multiple intelligence?

(A) Spearman

(B) Murphy

(C) Gardner

(D) Guilford

**91.** Congruity theory of attitude change was developed by

(A) Festinger

(B) Osgood and Tannenbaum

(C) Kelman

(D) Tannenbaum

**92.** Which one of the following is the guiding symptom of phobia?

(A) Reality orientation

(B) Structural change

(C) Irrational belief

(D) Gross distortion of thought

**93.** Prejudice is a/an

(A) belief

(B) attitude

(C) impression

(D) causal judgement

**94.** Which one of the following is ***not*** a tool for personnel selection?

(A) Standard application blank

(B) Interview

(C) Observation

(D) Psychological test

www.prepp.in

87. सामाजिक अधिगम सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?

(A) बी० एफ० स्किनर

(B) इवान पावलाव

(C) एडवर्ड थॉर्नडाइक

(D) अल्बर्ट बंडूरा

88. जब भी वह अपने प्रिय रेस्टोरेन्ट का नाम सुनता है, वह लार का स्राव करने लगता है। पावलाव के पदों में रेस्टोरेन्ट का नाम प्रदान करता है

(A) अनुबन्धित उद्दीपक

(B) अनुबन्धित प्रतिक्रिया

(C) अननुबन्धित उद्दीपक

(D) अननुबन्धित प्रतिक्रिया

89. निम्नलिखित में से कौन-सा जैविक प्रेरक **नहीं** है?

(A) भूख

(B) प्यास

(C) यौन

(D) उपलब्धि प्रेरक

90. बुद्धि के बहुकारक प्रत्यय का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया था?

(A) स्पीयरमैन

(B) मर्फी

(C) गार्डनर

(D) गिलफोर्ड

91. मनोवृत्ति परिवर्तन के सामंजस्य सिद्धान्त को किसने विकसित किया?

(A) फेस्टिंगर

(B) ऑसगुड एवं टैनेनबाम

(C) केल्मैन

(D) टैनेनबाम

92. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दुर्भीति का निर्देशी लक्षण है?

(A) यथार्थ अभिविन्यास

(B) संरचनात्मक परिवर्तन

(C) अतार्किक विश्वास

(D) विचारों का समग्र विरूपण

93. पूर्वाग्रह है एक

(A) विश्वास

(B) अभिवृत्ति

(C) छवि

(D) कारणात्मक निर्णय

94. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कार्मिक चयन का साधन **नहीं** है?

(A) मानक आवेदन-पत्र

(B) साक्षात्कार

(C) अवलोकन

(D) मनोवैज्ञानिक परीक्षण

www.prepp.in

**95.** Which one of the following is ***not*** included in tendency to approach success according to Atkinson's theory of achievement motivation?

(A) Level of aspiration

(B) Motive

(C) Perceived probability

(D) Incentive value

**96.** Equity theory of work motivation was proposed by

(A) Maslow

(B) Alderfer

(C) Herzberg

(D) Adams

**97.** A training technique in which trainees are first shown good management techniques in a film, are asked to play roles in a situation isolated and are then given feedback and praise by their supervisors is called

(A) role playing

(B) behaviour modeling

(C) action learning

(D) job instruction

**98.** Which one of the following statements is correct with reference to employee's training?

(A) Employees become familiar of their responsibilities.

(B) It increases the level of intelligence of employees.

(C) The aim of training is to make familiar with industrial discipline of their employees.

(D) None of the above

**99.** Shared standards of behaviours for members of a group are called

(A) values

(B) conformities

(C) roles

(D) norms

**100.** The process by which we infer the causes of other people's behaviour is called

(A) social cognition

(B) attribution

(C) influential effect

(D) social comparison

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** एटकिंसन के उपलब्धि अभिप्रेरणा सिद्धान्त के अनुसार सफलता प्राप्त करने की प्रवृत्ति में निम्नलिखित में से किसे सम्मिलित **नहीं** किया जाता है?

(A) आकांक्षा-स्तर

(B) प्रेरक

(C) प्रात्यक्षिक संभाव्यता

(D) प्रोत्साहन मूल्य

**96.** कार्य-प्रेरणा के समता सिद्धान्त को किसने प्रस्तुत किया था?

(A) मैस्लो

(B) एल्डरफर

(C) हर्जबर्ग

(D) एडम्स

**97.** एक प्रशिक्षण तकनीक, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को सर्वप्रथम फिल्म के माध्यम से अच्छे प्रबंधकीय तकनीकों को दिखाया जाता है, एक पृथक् दशा में भूमिका निर्वाह के लिए कहा जाता है एवं तब फीडबैक दिया जाता है तथा उनके पर्यवेक्षकों द्वारा उनकी प्रशंसा की जाती है। इसे कहा जाता है

(A) भूमिका निर्वाह

(B) व्यवहार प्रतिरूपीकरण

(C) क्रिया अधिगम

(D) कार्य निर्देश

**98.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक कथन कार्मिकों के प्रशिक्षण के सन्दर्भ में सही है?

(A) कार्मिक अपनी जिम्मेदारियों से परिचित हो जाते हैं।

(B) यह कार्मिकों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाती है।

(C) प्रशिक्षण का लक्ष्य अपने कार्मिकों को औद्योगिक अनुशासन से अवगत कराना है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** समूह के सदस्यों द्वारा अपनाए गए व्यवहारों के मानदंड कहलाते हैं

(A) मूल्य

(B) अनुरूपता

(C) भूमिकाएँ

(D) मानक

**100.** वह प्रक्रिया, जिसके द्वारा हम लोगों के व्यवहारों के कारण का अनुमान करते हैं, को कहा जाता है

(A) सामाजिक संज्ञान

(B) गुणारोपण

(C) प्रभावशाली प्रभाव

(D) सामाजिक तुलना

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20/FI/CC/M-2023-24**

पुस्तिका शृंखला

**B**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

# मनोविज्ञान

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई पृष्ठ या प्रश्न गायब या बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका सहित उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
13. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

SEAL